Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:35 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:18 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 113 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 22 अक्टूबर 2025



विदेश में प्रियंका चोपड़ा का देसी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### संदिग्ध परिस्थितियों में बर्फ विक्रेता की मौत

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते बर्फ विक्रेता की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। जीतपुर नेगी निवासी 30 वर्षीय दिनेश सिंह जेल रोड, स्थित जीजीआईसी के पास बर्फ और गन्ना बेचता था ।, दीपावली के दिन भी वह अपनी दुकान लगाकर बैठा था। शाम करीब चार बजे, आसपास के लोगों ने उसे सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी । सूचना पाकर हीरानगर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले गई, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल अमरचंद शर्मा ने बताया कि युवक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही होगा। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जाँच कर रही है। मृतक दिनेश अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

### पत्नी रहस्यमय ढंग से गायब, अपहरण की आशंका

**हल्द्वानी।** पत्नी के रहस्यमय ढंग से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है पति ने अपनी पत्नी का अपहरण होने की आशंका जताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है बरेलीरोड मंडी चौकी क्षेत्र की एक महिला घर से अचानक लापता हो गई। महिला के पति ने एक युवक पर अपहरण का शक जताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में तीनपानी, मंडी चौकी निवासी व्यक्ति ने कहा कि 27 अगस्त सुबह 11 बजे उसकी पत्नी घर से बाजार जाने की बात कह निकली थी। लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी। आरोप है कि उसकी पत्नी घर से अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज ले गई है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी गांधी मैदान के पास रहने वाले अभिषेक नाम के व्यक्ति से अक्सर बात चित करती थी।

## सीएम धामी ने की गौ माता की पूजा-अर्चना, प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण, मनुष्यों एवं जानवरों के बीच के प्रेम को दर्शाता है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बने रहने का भी संदेश देता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौ माता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति संरक्षण, मनुष्यों एवं जानवरों के बीच के प्रेम को दर्शाता है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बने रहने का भी संदेश देता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा मिला है। गौमाता सनातन संस्कृति और कृषि जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उनकी सेवा और संरक्षण, हमारे जीवन को आगे बढ़ाता है। कई परिवारों का भरण-पोषण गाय पालन और गो-सेवा से होता है। गौ-संवर्धन धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने के साथ ही आजीविका और आत्मनिर्भरता से भी जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि हम सभी मिलकर गायों की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा राज्य सरकार निराश्रित गोवंश के लिए गौ सदनों के निर्माण और संचालन को बढ़ावा दे रही है। राज्य में निराश्रित पशु ( जिन्हें गौशालाओं में पाला जा रहा है) उनके भरण पोषण के लिए पहले पांच रुपए प्रति दिन प्रति पशु दिया जाता था, इसे बढ़ाकर अब 80 रुपए प्रति पशु/ प्रति दिन किया गया है। निजी रूप से गौशालाओं के निर्माण में राज्य सरकार ने 60 फीसदी सब्सिडी देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा राज्य में करीब 54 गौ सदनों का निर्माण कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा आगे भी राज्य सरकार गौ संरक्षण के लिए कार्य करते रहेगी।

उमड़े श्रद्धालु

## शुभ मुहूर्त में शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

आज गंगोत्री धाम के कपाट बंद कर दिए गए हैं। वहीं, केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्तूबर सुबह 8.30 बजे बंद होंगे। जबकि बदरीनाथ धाम के 25 नवंबर अपराह्न 2.56 बजे बंद होंगे।

चारधाम यात्रा अब समापन की ओर है। आज 11.30 बजे गंगोत्री में मां गंगा मंदिर के कपाट शीतकालीन के लिए बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने पर धाम मां गंगा के जयकारों से गूंज उठा। मां गंगा के स्वागत के लिए मुखबा भी तैयार है। मंदिर को भव्य रूप से सजा दिया गया है। कपाट बंद होने के बाद अब यहीं मां गंगा के दर्शन होंगे। वहीं, भैयादूज पर 23 अक्तूबर को यमुनोत्री में मां यमुना मंदिर के कपाट 12.30 बजे शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे। इसके बाद मां यमुना की उत्सव मूर्ति के दर्शन खरसाली गांव में होंगे।

बता दें कि कार्तिक माह की अन्नकूट (गोवर्धन पूजा) के दिन मां गंगा की उत्सव डोली अपने



शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए रवाना होगी। यात्रा से जुड़े कारोबारी आशीष सेमवाल, विनय उनियाल ने बताया कि सर्दियों में भी यमुना व गंगा के शीतकालीन पड़ाव वाले खरसाली और मुखबा गांव तक यात्रा चालू रखकर देश-विदेश के तीर्थयात्रियों को यहां आकर्षित किया जा सकता है। उस दौरान तीर्थयात्री व पर्यटक यमुना और गंगा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही बर्फबारी का नजारा भी देख सकेंगे।

इस यात्राकाल में दोनों धामों में 1402128 तीर्थयात्रियों का आगमन हुआ है। जिनमें यमुनोत्री धाम में आने वाले 644366 और गंगोत्री धाम में आने वाले 757762 तीर्थयात्री शामिल हैं।

21 अप्रैल तक चारधाम में दर्शन करने वाले कुल श्रद्धालुओं की संख्या 49.30 लाख से अधिक हो चुकी है। वहीं, अब तीनों धामों के कपाट बंद होने तक यह आंकड़ा 50 लाख पार हो जाएगा।

## भाभी ने सो रहे देवर का प्राइवेट पार्ट काटा हालत गंभीर, एम्स रेफर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सीमेंट कम्पनी में इंजीनियर पद पर तैनात एक युवक का उसकी भाभी ने प्राइवेट पार्ट काट दिया। अपने देवर की शादी अपनी बहन से करवाना चाहती थी लेकिन घर वालों ने इंजीनियर की शादी कही ओर तय कर दी थी जिससे भाभी खफा थी ओर उसने सोते हुए देवर का प्राइवेट पार्ट काट दिया। मामले से हड़कंप मच गया। युवक को गंभीर हालत में एम्स दिल्ली रेफर किया गया है।

उत्तर प्रदेश के बरहन थाना क्षेत्र के एक गांव में भाभी ने देवर के कमरे में घुसकर उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया। उस समय देवर सो रहा था। गंभीर हालत में उसे एम्स दिल्ली रेफर किया गया है। पीड़ित युवक उत्तराखंड की एक सीमेंट कंपनी में इंजीनियर है। महिला अपनी बहन से उसकी शादी कराना चाहती थी, मगर युवक का रिश्ता कहीं और से हो जाने पर खफा थी। पुलिस को दी रिपोर्ट में परिजनों की ओर से लिखा गया है कि सोमवार की रात करीब ढाई बजे पीड़ित के कमरे से चीखने की आवाज आई। इस पर परिजन जाग गए।



**हड़कंप**

- सीमेंट कम्पनी में इंजीनियर पद पर था युवक
- भाभी की बहन से शादी को किया था इनकार, भाभी खफा

उन्होंने कमरे के पास जाकर देखा तो कमरा अंदर से बंद था। आवाज लगाकर कमरा खुलवाया तो उसमें पीड़ित की भाभी भी थी। परिजनों के पूछने पर उसने कहा कि मैंने देवर का प्राइवेट पार्ट काट दिया है. पीड़ित युवक हल्द्वानी में एक सीमेंट कंपनी में इंजीनियर है और दीपावली पर घर आया था।

## प्रदेश में आज एक बार फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में अब ठंड दस्तक देने वाली है। प्रदेश में आज एक बार फिर बदलेगा मौसम का मिजाज बदलेगा। बारिश के साथ बर्फबारी भी होगी।

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेंगे। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। उधर ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 अक्तूबर को देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग जिले



**मौसम**

- बारिश के साथ बर्फबारी के आसार

के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। जबकि 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बर्फबारी की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 23 से 27 अक्टूबर तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा।

## केदारनाथ-बदरीनाथ धाम पहुंचे राज्यपाल, पूजा-अर्चना कर की विश्व कल्याण की कामना

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने आज सुबह केदानाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान राज्यपाल ने पुनर्निर्माण कार्यों, यात्रा व्यवस्थाओं एवं प्रशासन की तत्परता की सराहना की।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने आज मंगलवार को सुबह केदारनाथ धाम पहुंचकर भगवान केदारनाथ के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक पूजन कर विश्व कल्याण, मानवता की समृद्धि और उत्तराखंड के सतत विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। केदारनाथ दर्शन के बाद राज्यपाल बदरीनाथ धाम पहुंचे। राज्यपाल के धाम आगमन पर अपर



जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत द्वारा वीआईपी हैपैड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद राज्यपाल पैदल मार्ग से मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान केदारनाथ का अभिषेक, पूजन-अर्चना कर क्षेत्र के नागरिकों की खुशहाली और राज्य की उन्नति की कामना की।

राज्यपाल ने मंदिर परिसर में तीर्थ पुरोहित समाज से भेंट की। उन्होंने पारंपरिक मंत्रोच्चारण और पूजा-विधि के साथ राज्यपाल का स्वागत किया गया। राज्यपाल ने इसे अत्यंत आध्यात्मिक एवं भावनात्मक अनुभव बताते हुए कहा कि केदारघाटी का प्रत्येक कण शिवमय है। यहां के पर्वतों में भगवान शिव की उपस्थिति का अनुभव होता है। इस पवित्र भूमि पर कदम रखते ही मन ध्यानमग्न हो जाता है। पूजन के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में एकत्र श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और बाबा केदारनाथ के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

राज्यपाल ने केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता डी.डी.एम. विनय झिंकवाण द्वारा राज्यपाल को धाम में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि अधिकांश पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, शेष कार्य भी अंतिम चरण में हैं।

# सरोवर नगरी में लंबे समय बाद रंगत लौटी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में लंबे समय बाद सरोवर नगरी की रंगत लौटी है। मंगलवार को नगर के पर्यटन स्थल गुलजार नजर आए। होटलों के कमरे अधिकांश फूल रहे। अगले कुछ दिन सैलानियों की आमद जारी रहने की संभावना पर्यटन कारोबारियों ने जताई है।

ऑटम सीजन को शुरू हुए 20 दिन गुजर चुके हैं। मगर इस बीच सैलानियों की आमद गौण रही। इससे पहले मानसून में उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में आई आपदा से नगर का पर्यटन बुरी तरह प्रभावित रहा । अब दीवाली पर सैलानियों की आमद बढ़ी तो कारोबारियों राहत महसूस की है। नगर में आज 12 सौ से अधिक पर्यटन वाहनों की एंट्री हुई। जिनमें पांच हजार से अधिक सैलानी नगर ने पहुंचे। जिसके चलते मुख्य स्थानों के कई होटल पैक हो गए और अधिकांश कमरे भर गए। इस बीच यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। नगर के आंतरिक मार्गो में जाम लगते रहा। मस्जिद चौराहा, स्नोव्यू मार्ग, चिड़ियाघार मार्गव मेट्रोपोल मार्ग में कई बार जाम लगा। इधर स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, केव गार्डन व मालरोड में पूरे दिन रौनक रही। वरिष्ठ होटल व्यवसाई सरदार मंजीत सिंह ने बताया कि अगले कुछ दिन सैलानियों की आमद बनी रहेगी। प्रशासन को नगर के यातायात पर अधिक ध्यान देना होगा। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखनी होगी। तभी नगर के पर्यटन में बढ़ोतरी होगी





# छठ पूजा की तैयारियों में जुटा नगर निगम

ऋषिकेश

हमारे संवाददाता

छठ पूजा के लिए नगर निगम तैयारियों में जुट गया है। मेयर शंभू पासवान और मुख्य नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने मंगलवार को त्रिवेणी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस, राजस्व, सिंचाई विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मेयर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए घाट पर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मेयर ने सिंचाई विभाग को पोकलेन मशीन के माध्यम से जलधारा को घाट की ओर मोड़ने और टूटे पोल आदि की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। नगर निगम को घाट पर पर्याप्त लाइट व्यवस्था, रेत हटाकर समतलीकरण कार्य और घाट की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट को आस्था पथ की ओर जाने वाले मार्ग पर मोटरसाइकिलों की आवाजाही रोकने के लिए चैन लगाने व सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी बढ़ाने को कहा गया। पुलिस विभाग को छठ पर्व के दौरान ट्रैफिक प्लान तैयार करने व त्रिवेणी घाट मार्ग पर जाम की स्थिति से बचने के निर्देश दिए गए।

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपों का पर्व दिवाली

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दीपों का पर्व दिवाली सरोवर नगरी नैनीताल में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नैनी झील दीपों की जगमग रोशनी से निखर उठी। मल्लीताल से तल्लीताल तक सजी दुकानों, रंग-बिरंगी लाइटों और दीयों से पूरा शहर जगमगा गया व अपने रोशनी बिखेरता नजर आया। नैनी झील में झिलमिलाती रोशनियों का प्रतिबिंब अद्भुत दृश्य दिखा।

स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों ने भी इस पावन पर्व का भरपूर आनंद लिया। घरों, होटलों और बाजारों में सजावट के साथ आतिशबाजी ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। चीना पीक और स्नो व्यू से झील का नजारा देखने वालों की भीड़ उमड़ी।



## NEWS / फटाफट

### पुलिस लाइन नैनीताल में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस लाइन नैनीताल में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा सहित सभी पुलिस अधिकारियों ने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। एसएसपी मीणा ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा में पुलिसकर्मियों का योगदान अतुलनीय है। वर्ष 2024-25 में देशभर में ड्यूटी के दौरान 186 पुलिसकर्मी एवं अर्द्धसैनिक बल के जवान वीरगति को प्राप्त हुए। इनमें उत्तराखंड के आईआरबी रामनगर के अपर गुल्मनायक पुष्कर सिंह जोशी, रुद्रप्रयाग के अपर उपनिरीक्षक संजीव नयन जगूड़ी, उधमसिंह नगर के आरक्षी धनराज और चंपावत के आरक्षी गोकुल लाल भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन वीर पुलिसकर्मियों का बलिदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर सभी दिवंगत पुलिसकर्मियों की वीरगाथाओं को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में एसपी जगदीश चंद्र, एसपी प्रकाश चंद्र, सीओ नैनीताल अमित कुमार, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ रामनगर सुमित लोहनी, सीओ हाईकोर्ट राकेश बिष्ट, सीएफओ गौरव किरार सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### नैनीताल मार्ग पर बीच सड़क पर पलटी पर्यटकों की कार

**नैनीताल।** लखनऊ से घूमने आए पर्यटकों की कार नैनीताल मार्ग पर बीच सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि सभी सवार सुरक्षित बच गए और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार लखनऊ निवासी याहया जमाल अपने परिवार के साथ सोमवार को नैनीताल घूमने आ रहे थे। उनकी कार जब बल्दियाखान के समीप पहुंची, तो चालक को अचानक नींद की झपकी लग गई। देखते ही देखते कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गई और सड़क पर पलट गई। घटना के दौरान वहां से गुजर रही ज्योलीकोट पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। चौकी इंचार्ज श्याम बोरा ने बताया कि सभी यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें हल्द्वानी अस्पताल भेजा गया। बाद में क्रेन की मदद से कार को सड़क से हटाकर हल्द्वानी भेजा गया। पुलिस ने पर्यटकों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और लंबी यात्रा के दौरान बीच-बीच में विश्राम करने की सलाह दी है।

### बाप को पुलिस चौकी ले गए तो बौखलाए पुत्रों ने शिकायत करने वाले को बेहरमी से पीटा,गंभीर

**रुद्रपुर।** पुलिस ने एक व्यक्ति पर हमला करने के मामले में बाप बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सुभाष कालोनी वार्ड 29 रुद्रपुर निवासी गब्बर पुत्र मोहम्मद जान ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा गया कि कालोनी में रहने वाला जाकिर उसकी पत्नी पर गंदी नज़र रखता है और 3 दिन पहले उसकी गैर मौजूदगी में उक्त व्यक्ति रात को घर में घुस गया था। जिसके बाद पत्नी ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ संबंधित चौकी में तहरीर दी थी। बताया कि 19 अक्टूबर की रात 9 बजे पुलिस ने मौके पर जाकिर को पकड़ लिया और उसको चौकी ले गई। वह टुकटुक से चौकी जा रहा था तभी जाकिर के लड़के सोहिल,अरबाज आदि लड़के ने उस पर धारदार हाथियार से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई। जान लेवा हमला कर दिया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। हमलावर उसे अदमरा छोड़कर भाग गये। बाद में उसे उठाकर सरकारी अस्पताल ले गए। उसकी हालत गंभीर है। हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### उपचार के दौरान घायल महिला की मृत्यु, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** इंटर सिटी बस से हल्द्वानी से घर आ रही महिला अनियंत्रित होकर गिर कर घायल महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जवाहर नगर पंतनगर निवासी महेंद्र सिंह रौतेला ने बताया कि 16 अक्टूबर को उसकी पत्नी लीला देवी हल्द्वानी से इंटरसिटी बस से घर को आ रही थी। जब बस गोलगेट के सामने पहुंची तो अन्य सवारी और उसकी पत्नी भी बस से उतरने लगी। इसी बीच चालक ने बस को आग बढ़ा दिया। जिससे उसकी पत्नी अनियंत्रित होकर बस से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उसकी पत्नी को रुद्रपुर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे भोजीपुरा राममूर्ति के लिए रेफर कर दिया। भोजीपुरा में उसकी पत्नी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। उन्होंने बस के चालक पर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष पंतनगर नंदन सिंह रावत ने बताया कि बस के अज्ञात चालक पर प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक


पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत


# काशीपुर डिपो को दीपावली पर हुई 41.32 लाख की कमाई

काशीपुर

हमारे संवाददाता

त्योहार को लेकर काशीपुर डिपो को दस लाख रुपये प्रतिदिन आय करने का लक्ष्य दिया गया था। पिछले चार दिनों की बात करें तो डिपो ने केवल दो दिन में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इन चार दिनों में डिपो ने 41.32 लाख रुपये की कमाई की।

दीपावली को देखते हुए बीती 16 अक्टूबर से दिल्ली रूट पर चार से पांच बसें अतिरिक्त चलाई जा रहीं थीं। अतिरिक्त बसों के संचालन और पहाड़ जाने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए डिपो ने चार दिनों में बेहतर प्रदर्शन किया। डिपो ने दो दिन में ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। रोडवेज अफसरों के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली से पहाड़ जाने वाले यात्रियों का सिलसिला जारी रहा, यानी वापसी में बसें पैक होकर आएंगी। अधिकतर यात्री पहाड़ के होने की वजह से अतिरिक्त बसों को लगाया गया था। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनवर कमाल ने बताया कि 17 अक्तूबर को 8.80 लाख, 18 और 19 अक्तूबर को 11.60 लाख रुपये और 20 अक्तूबर को 9.30 लाख रुपये की आय हुई। त्योहार के बाद पहाड़ से लौटने वाले यात्रियों के आने के बाद भी कमाई में इजाफा होने की उम्मीद है।



# सीएम योगी ने की गोरखनाथ मंदिर में गोवर्धन पूजा, गायों को खिलाया गुड़ चना

लखनऊ

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में गोवर्धन पूजा की और गायों को खाना खिलाया। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 16 लाख गौवंश ऐसे हैं जिन पर हम राज्य सरकार के माध्यम से सब्सिडी दे रहे हैं। किसानों की फसलों को नुकसान न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए यह प्रयास शुरू किया गया है।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना और गौ-सेवा की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दीपोत्सव के पंचदिवसीय महापर्वों की श्रृंखला में आज पावन गोवर्धन पूजा है। भारत की कृषि प्रधान व्यवस्था का प्रतीक गोवर्धन पूजा का यह कार्यक्रम रहा। मैं इस अवसर पर प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई देता हूं। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में गौ और गौवंश का महत्व क्या है, गोवर्धन पूजा इस बात का प्रतीक है और दीपावली जैसे महापर्व के साथ इस आयोजन को जोड़कर इसके महत्व को और भी प्रभावी बनाया गया है। ये मेरा सौभाग्य है कि आज सुबह मुझे गौ पूजन और गौ सेवा करने का अवसर यहां प्राप्त हुआ है। भारत की समृद्धि का आधार भारतीय गौवंश रहा है। आज भी प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देश में गोवर्धन योजना के अंतर्गत गाय के गोबर से बायो कंपोस्ट और इथेनॉल बनाने के जो अभिनव कार्यक्रम प्रारंभ हुए हैं, यह गौवंश के संवर्धन और उनके संरक्षण में एक बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि केवल पूजन ही नहीं बल्कि उसके अनुरूप कार्ययोजना भी प्रारंभ की जा रही है। प्रदेश में 16 लाख गौवंश ऐसे हैं जिन पर हम राज्य सरकार के माध्यम से सब्सिडी दे रहे हैं। किसानों की फसलों को नुकसान न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए यह प्रयास शुरू किया गया है। तीन प्रकार की योजनाएं हैं। निराश्रित गोशाला योजना, जिसमें हम सरकारी स्तर पर प्रत्येक गाय के लिए 1500 रुपये प्रति माह प्रदान करते हैं। इसी प्रकार, एक सहभागिता योजना है, जिसमें यदि कोई किसान गोवंश संरक्षण के हमारे कार्यक्रम से जुड़ता है, तो उसे 4 गोवंश प्रदान किए जाते हैं।



# अभिमत

## सुयोग्य का मानक!

*भारत के डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जबकि जनप्रतिनिधियों की न्यूनतम योग्यता तय नहीं होने से लज्जाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकारी और कर्मचारी सरकारी व्यवस्था का संचालन करते हैं। जनप्रतिनिधि नौकरशाही और जनता के बीच सामंजस्य का काम करते हैं। शैक्षणिक तौर पर योग्य जनप्रतिनिधि नौकरशाही को मनमानी तथा गलती करने से रोक सकते हैं।*

शिक्षा का जीवन में अहम योगदान होता है। अशिक्षित व्यक्ति कई बार स्वयं और दूसरों के लिए समस्या उत्पन्न कर देता है। शैक्षणिक प्रमाण-पत्र सुयोग्य होने का मानक नहीं है। उच्च शिक्षित व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में असफल साबित हो जाते हैं। जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठते रहे हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान यह मुद्दा उछला है। उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का निर्धारण नहीं है, जबकि यह मांग उठती रही है। प्रत्याशी द्वारा शपथ-पत्र में गलत जानकारी देना गंभीर मामला है। शैक्षणिक योग्यता, सम्पत्ति और आपराधिक मामलों में फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री और एक विधायक की फर्जी डिग्री को लेकर आरोप-प्रत्यारोप की जुबानी जंग हो रही है। चुनाव प्रणाली में समय-समय पर सुधार और नियमों में संशोधन होते रहे हैं। सांविधानिक पद की जिम्मेदारी संभालने वाले व्यक्ति को अपनी शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी बतानी होती है, जिससे इन पदों की शुचिता पर उंगली न उठे। सर्वोच्च न्यायालय ने भी निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि चुनाव लड़ने वाले नेताओं का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाये। प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के साथ पेश शपथ-पत्र निर्वाचन अधिकारी अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा देते हैं। चुनाव प्रक्रिया में समय के अभाव में शपथ-पत्र की जानकारी की जांच नहीं हो पाती है। चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद प्रत्याशियों द्वारा चुनाव में खर्च किये गये धन के फर्जी कागजात निर्वाचन आयोग को भेज कर पल्ला झाड़ लिया जाता है। भारत के डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जबकि जनप्रतिनिधियों की न्यूनतम योग्यता तय नहीं होने से लज्जाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकारी और कर्मचारी सरकारी व्यवस्था का संचालन करते हैं। जनप्रतिनिधि नौकरशाही और जनता के बीच सामंजस्य का काम करते हैं। शैक्षणिक तौर पर योग्य जनप्रतिनिधि नौकरशाही को मनमानी तथा गलती करने से रोक सकते हैं। वर्तमान में सरकार की योजना का लाभ जनता तक नहीं पहुंचने के लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। जनप्रतिनिधि की योग्यता सुनिश्चित होनी चाहिए।

# बागजाला को राजस्व गांव बनाने को धरना-प्रदर्शन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




मालिकाना अधिकार लेने, बागजाला को राजस्व गांव बनाने, पंचायत चुनावों में मताधिकार पुनः बहाल करने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना से टूटी सड़कों का निर्माण करने, जल जीवन मिशन कार्य को पूरा कर हर घर नल, हर घर जल देने का कार्य शुरू करने, गोवंश संरक्षण अधिनियम के चलते आवारा सरकारी गोवंश से पशुपालकों, किसानों, राहगीरों को हो रहे जानमाल के नुकसान से निजात दिलाने के लिए गोवंश की स्थिति अनुसार सरकारी मूल्य निर्धारण कर सरकारी खरीद की गारंटी करने के लिए बागजाला में अनिश्चितकालीन धरना/प्रदर्शन 66 वें दिन भी जारी रहा। 66वें दिन के धरने को सम्बोधित करते हुए हेमा आर्या ने कहा आज जिस सरकार से हम अपने हक़ हकूकों की लड़ाई ग्रामीणों के एकता के बल पर लड़ रहे हैं वह लगातार हमारे आन्दोलन को तोड़ने के लिए जाति धर्म और दलगत राजनीति का सहारा लेकर बांटने में लगी है उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार आन्दोलन की अनदेखी कर आन्दोलन को प्रशासनिक इकाइयों या जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों में ले जाने को बाध्य कर रही है जिसके लिए हमने धरना स्थल पर डेरा डालो - घेरा डालो कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के रूप में खिचड़ी भोजन के माध्यम से सरकार को चेता दिया था । अब हमें रात दिन वाला धरना अपनी जमीन और अपने हक हकूक बचाने के लिए जाति - धर्म और दलगत राजनीति से उपर उठकर डेरा डालो घेरा डालो की तैयारी करनी होगी ।

66वें दिन के धरने को परवेज, कामरेड हेमा, उर्मिला रेंशवाल, हेमा आर्या, पंकज चौहान, प्रेम सिंह नयाल, आनन्द सिंह नेगी, चन्दन सिंह मटियाली,ने भी सम्बोधित किया ! आज 66 वें दिन के धरना प्रदर्शन में आनन्द सिंह नेगी, उर्मिला रेंशवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, विमला देवी, हेमा, परवेज, ईरा अन्सारी, हेमा आर्या,पार्वती, दौलत सिंह,भोला सिंह, वेद प्रकाश, सुनीता देवी, नईमबाना, पंकज चौहान, अनीसुद्दीन, शरीफ, नसीर, प्रताप सिंह बिष्ट, नीमा देबी, रियाज खां,धनी राम आर्या, सुन्दर लाल, रेशमा, भुवन चन्द्र, वासुदेव, सुषमा आर्या, लीला देवी, हेमा देवी, प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी,मो. यासीन, हरक सिंह,सुनीता देवी, नसीम, दिनेश चन्द्र, आदि मौजूद रहे। सभा का संचालन वेद प्रकाश ने किया ।

## युवक को राह चलती युवती से छेड़छाड़ करना पड़ा भारी

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में राह चलती युवती से छेड़छाड़ करना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी एक युवती ने क्षेत्र के ही युवक पर पीछा कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है।

युवती ने कोतवाली में दी गई शिकायत में बताया कि बारा पत्थर क्षेत्र में उक्त युवक ने उसका पीछा किया और विरोध करने पर छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह युवती ने साहस दिखाते हुए युवक से पीछा छुड़ाया और सीधे कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मल्लीताल पॉपुलर कम्पाउंड निवासी मुशाहिद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत को मिला आचार्य पी. सी. राय मेमोरियल लेक्चर अवॉर्ड

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत को इंडियन केमिकल सोसाइटी द्वारा वर्ष 2025 का आचार्य पी. सी. राय मेमोरियल लेक्चर अवॉर्ड प्रदान किया गया है। यह सम्मान भारतीय रसायन विज्ञान के क्षेत्र का एक अत्यंत प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जिसकी स्थापना वर्ष 1968 में महान वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की स्मृति में की गई थी। यह पुरस्कार उन भारतीय रसायन वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने उत्कृष्ट अनुसंधान, शिक्षण और नवाचारों के माध्यम से रसायन विज्ञान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया हो।

प्रो. दीवान एस. रावत ने जैव-कार्बनिक रसायन और औषधि खोज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके शोध कार्य विशेष रूप से पार्किंसंस पर उल्लेखनीय हैं, जिनका महत्त्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया गया है। प्रो. रावत ने हाल ही में एक ऐसी नवीन अणु विकसित की है, जो पार्किंसन रोग के उपचार में सक्षम सिद्ध हो सकती है एक ऐसी बीमारी जिसके लिए वर्तमान में कोई प्रभावी औषधि उपलब्ध नहीं है। यह अणु अब फेज-द्धद्ध मानव क्लीनिकल ट्रायल में है, जबकि उनके दो अन्य अणु ऑटोइम्यून रोगों और डिमेंशिया के उपचार के लिए प्री-क्लीनिकल विकास की अवस्था में हैं। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह पहला अणु है जिसे किसी भारतीय शैक्षणिक संस्थान से विकसित होने पर यू.एस. एफ.डी.ए. से स्वीकृति प्राप्त हुई है जो भारतीय अकादमिक अनुसंधान के इतिहास में एक मील का पत्थर है।उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध लेख प्रकाशित किए हैं और कई युवा वैज्ञानिकों को दिशा दी है।

यह पुरस्कार प्रो. रावत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि उनके पीएच.डी. निर्देशक डॉ. डी. एस. भाकुनी को भी यह प्रतिष्ठित सम्मान वर्ष 2010 में प्रदान किया गया था। इस पुरस्कार की गौरवशाली परंपरा में अब तक भारत के कई महान रसायन वैज्ञानिक शामिल रहे हैं, जिनमें भारत रत्न प्रो. सी. एन. आर. राव, पद्म भूषण प्रो. असीमा चट्टर्जी, पद्म भूषण प्रो. सुखदेव, पद्म श्री प्रो. गोवर्धन मेहता (एफआरएस), पद्म श्री प्रो. वी. के. सिंह, पद्म श्री प्रो. वी. एस. चौहान, पद्म श्री प्रो. नित्यानंद, पद्म श्री प्रो. जी. डी. यादव और पद्म भूषण प्रो. ए. वी. रामाराव जैसी विभूतियाँ शामिल हैं।

प्रो. दीवान एस. रावत की इस उपलब्धि से न केवल कुमाऊँ विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ा है, बल्कि यह उत्तराखंड राज्य और संपूर्ण भारतीय वैज्ञानिक समुदाय के लिए भी गर्व और प्रेरणा का विषय है। उनका यह सम्मान यह दर्शाता है कि पर्वतीय राज्य उत्तराखंड से भी विश्वस्तरीय वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार संभव हैं।

# फिल्मी दुनिया

## विदेश में प्रियंका का देसी अंदाज, दिवाली पर पति निक के साथ किया लक्ष्मी पूजन





*अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने विदेश में परिवार और दोस्तों के बीच दिवाली का त्योहार सेलिब्रेट किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय परंपराओं का ध्यान रखा। अभिनेत्री ने बिटिया मालती मैरी के साथ बाकायदा घर की सजावट की। फिर परिवार के साथ लक्ष्मी पूजन किया। इसके बाद दोस्तों और परिवार के साथ दिवाली का जश्न मनाया।*

*प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने दिवाली बैश की झलकियां साझा की हैं। प्रियंका चोपड़ा मालती, निक जोनस के साथ लक्ष्मी पूजन कर रही हैं। इस दौरान देसी गर्ल ने व्हाइट कलर के आउटफिट पहने हैं। पूजा के दौरान प्रियंका की मां डॉ. मधु चोपड़ा भी मौजदू हैं। पूजा के बाद प्रिंयका ने रेड कलर के शरारा ड्रेस में दिवाली सेलिब्रेट की। इस पोस्ट के साथ प्रियंका चोपड़ा ने लिखा है, %थोड़ा सा ये और बहुत कुछ वो। यह दिवाली दिल और प्यार से भरी रही। इस त्यौहार को उन लोगों के साथ मनाना, जिन्होंने इसकी खूबसूरती को अभी तक नहीं देखा, इस साल का सबसे खास पल रहा। खासकर मालती के दोस्तों के लिए। सभी दिवाली मनाने वालों को शुभकामनाएं। यह नया साल आपके लिए प्यार, खुशी, समृद्धि और खुशियां लेकर आए।*

### प्रियंका ने मालती के साथ बनाई रंगोली

*साझा की गईं कुछ और फोटोज में प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ घर की डेकोरेशन करती दिख रही हैं। मालती रंगोली बना रही हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने दोस्तों के साथ भी जमकर मस्ती की।*

*इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा ने दोस्तों के साथ दिवाली सेलिब्रेशन की फोटोज भी शेयर की हैं। प्रियंका के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित एक मेगा बजट फिल्म में नजर आएंगी।*

## कुमाऊं में आज भी निभाई जाती है अनोखी परंपरा, गन्ने से बनाई जाती है मां लक्ष्मी की मूर्ति

**नैनीताल**

**अफ़ज़ल हुसैन फौजी**





नैनीताल दीपावली का पर्व देशभर में जहां दीपों की रौशनी, मिठाइयों और उत्सव के माहौल से जुड़ा है, वहीं उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में यह त्योहार आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम लेकर आता है। यहां सदियों से लक्ष्मी की प्रतिमा बनाकर पूजन करने की प्रथा आज भी प्रचलित है. स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, पुराणों में गन्ने को शुभ और फलदायक माना गया है तथा यह मां लक्ष्मी का प्रिय भी है। यही कारण है कि कुमाऊं में दीपावली की रात दीप जलाने से पहले महिलाएं और बच्चे मिलकर श्रद्धाभाव से गन्ने की लक्ष्मी प्रतिमा तैयार करते हैं।

नैनीताल निवासी प्रोफेसर ललित तिवारी बताते हैं कि पारंपरिक रूप से गन्ने को तीन भागों में काटकर कांसे की थाली में चावल के ऊपर रखा जाता है, जो ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है। गन्ने के ऊपरी हिस्से में पत्तियों को बांधकर उसमें पहाड़ी नींबू लगाया जाता है, जो मां लक्ष्मी के मुख का प्रतीक होता है। कुछ परिवार रंगों से मुख की आकृति बनाते हैं, जबकि कुछ तैयार मुखौटे का उपयोग करते हैं।

स्थानीय महिला ज्योति चौधरी बताती हैं कि इस अवसर पर मां लक्ष्मी को पारंपरिक व्यंजन जैसे सिंगल और पुए अर्पित किए जाते हैं। यह पर्व न केवल भक्ति और आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूरे परिवार के एक साथ आने का अवसर भी देता है।

लोककथाओं के अनुसार, कार्तिक मास की एकादशी के बाद गन्ने की कटाई शुरू होती है, और पहली फसल मां लक्ष्मी को अर्पित करने की परंपरा यहीं से जुड़ी है। माना जाता है कि दीपावली की रात मां लक्ष्मी गजराज (हाथी) पर सवार होकर घर-घर आती हैं और अपने भक्तों को समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

News कॉर्नर

## पति और ससुर पर पीटकर अभद्र व्यवहार का आरोप

**अल्मोड़ा।** रानीधारा क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप लगाया कि 17 अक्तूबर की रात उसके पति और ससुर ने नशे की हालत में उसे पीटा और गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार किया। महिला ने खुद की और अपनी नाबालिग बेटी की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि उसका पति अनमोल मठपाल (38 वर्ष) बीते कई दिनों से नशे में उसे पीटकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि घटना वाले दिन उसके ससुर भुवन चंद्र मठपाल (72 वर्ष) ने भी उसे पीटा। इस पर वह अपनी छोटी बेटी को लेकर किसी तरह घर से बाहर भागी। पिटाई में उसकी गर्दन और पीठ पर चोटें आई हैं। बताया कि इससे पहले 24 जुलाई 2025 को भी उसने महिला थाना अल्मोड़ा में शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर पति ने माफीनामा दिया था।

## पूर्व सीएम एनडी तिवारी को मरणोपरांत भारतरत्न देने की मांग

**अल्मोड़ा।** पूर्व सीएम पंडित नारायण दत्त तिवारी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय संग्रहालय सभागार में सर्वदलीय बैठक हुई। वक्ताओं ने एनडी तिवारी के उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। अर्बन बैंक के पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह बगड़वाल ने कहा कि कुमाऊं विवि का नाम एनडी तिवारी के नाम पर रखा जाए। क्योंकि इस विवि को बनाने में उनका विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के विकास में पूर्व सीएम तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कहा कि पहाड़ को फिर से तिवारी जैसे व्यक्तित्व वाले नेता की आवश्यकता है। वहां पूर्व दर्जाधारी केवल सती, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, लता पांडे, विपिन जोशी, पूरन रौतेला, प्रीति बिष्ट, त्रिलोचन जोशी, मनोज सनवाल, आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

# हिन्दुओं के पवित्र त्यौहार पर मंदिर के पास मास बनाने की घटना को नही किया जायेगा बर्दाश्त:विधायक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विगत दिनों धनतेरस के दिन वार्ड 17 खेड़ा मे तब तनाव का माहौल बन गया जब एक हिन्दू हरिओम नाम के व्यक्ति के घर के बाहर सड़क पर खुले में समुदाय विशेष के लोगो ने खुले मे मास बना कर उसको खुले मे ही परोसने का कार्य किया। जब स्थानीय व्यक्ति ने इस घटना का विरोध किया तो उस पर दबाव बनाया गया कि अपने घर से ना निकले,घर के बाहर पर्दा लगा देते है,वही जब युवक ने घटना की जानकारी विधायक शिव अरोरा को दी। इस पर विधायक ने तत्काल रमपुरा चौकी इंचार्ज को मौके पर भेजते हुऐ सड़क पर खुले मे बन रहे मास को रोकने को कहा साथ ही काफ़ी जिद्दजहद के बाद जब वहाँ हिन्दू सगठन ने भी पहुंच के इस घटना का विरोध किया ? वह



अराजक तत्व यही नही रुके तो वार्ड 18 चामुंडा मन्दिर के गेट के दस कदम की दूरी पर ही मन्दिर के सामने उन्होंने एक बार फिर हिन्दुओ के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली के दिन फिर से खुले मे बड़े का मास सड़क पर पकाया ओर सड़क पर ही लोगो को खिलाना शुरू कर दिया। बाधा डालने पर रात में दीपावली नही मनाने और पटाखे नही छोड़ने देंगें देने की चेतावनी दी थी। सूचना पर विधायक शिव अरोरा भी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस भी पहुंची । विधायक ने मौके पर घटना की जानकारी ली। इस दौरान कहा कि खेड़ा में वार्ड 17, वार्ड 18 चामुंडा मंदिर के पास एक बाद एक खुले में मास बनाने व खिलाने की घटना वह भी हिन्दुओं के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली धनतेरस के दिन किसी सुनीयोजित साजिश के तहत चामुंडा मंदिर के पास ऐसी घटना को अंजाम देना यह हिन्दुओं की भावनाओं को भड़काने व माहौल खराब करने की साजिश है। विधायक ने रम्पुरा पुलिस को भी सख्त हिदायत दी जब धनतेरस के दिन एक बार हिन्दू व्यक्ति के घर के बाहर मास बनाने व परोसने की घटना हो गई थी तो ठीक दीपावली जैसे पवित्र त्यौहार के दिन खेड़ा के प्राचीन चामुंडा मन्दिर के बिल्कुल पास में फिर से वही घटना का होना यह हिन्दुओ को चुनौती देने वाला है जो बिल्कुल बर्दास्त नही किया जायेगा। विधायक ने उन अराजक तत्वों को स्पष्ट कहा चामुंडा मन्दिर पर दीपावली मनाएंगे जिसमें दम हो रोक ले। पटाखे जला के दिखाओ उनको करारा जवाव देते हुऐ दीपवाली की रात विधायक ने चामुंडा मन्दिर पर हिन्दू सगठन व कार्यकताओ के साथ दीपक जलाये व पटाखे फोड़े। अराजक व माहौल खराब करने वाले जो दीपवाली मनाने की चुनौती दे रहे थे उनको स्पष्ट संदेश दिया रुद्रपुर में ऐसी घटिया मानसिकता को बर्दाश्त नही किया जायेगा। त्यौहार सबके होते है,उसमें खलल डालने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होंगी। विधायक शिव अरोरा ने पुलिस को भी कहा उनका कार्य पतीले हटाने मात्र का नही है हिन्दू त्यौहार पर धनतेरस पर हुई घटना के बाद दीपावली के दिन चामुंडा मंदिर के सामने फिर वही घटना की पुर्नवृत्ति होना यह अपने आप में पुलिस विभाग विभाग के सुस्त रवैया को दर्शाता है इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल,विराट आर्य, किरन विर्क, प्रीत ग्रोवर, रमेश पाल, चंद्रपाल, विशाल गंगवार,जितेंद्र संधू,प्रवीण गंगवार, मोहनलाल गंगवार, बाबू, पाल पिंटू पाल, संतोष पाल, ज्ञानचंद पाल, अभिषेक तिवारी, रवि चौहान,नन्हे चौहान, राजा रस्तोगी, सूरज रस्तोगी, डॉक्टर शिवचरण,रामनिवास रस्तोगी, विक्की वाल्मीकि नमन चावला,विजेंद्र सागर, नरेश शर्मा,सचिन शर्मा, अमन पाल, विशाल गोड़ आदि मौजूद रहे।

# खाटू श्याम मंदिर मुखानी में गोवर्धन पूजा का आयोजन व अन्नकूट भंडारे का आयोजन





हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमौरी मुखानी में गोवर्धन पूजा का आयोजन और अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातः श्री खाटू श्याम जी का श्रृंगार किया गया और पूजा अर्चना की गयी। सभी श्याम भक्तो ने श्री खाटू श्याम जी की आरती के बाद उन्हें अन्नकूट भोग लगाया गया और उसके पश्चात् हजारों श्याम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री, पंडित ललित मोहन पांडेय, पंडित पूरन चंद्र पांडेय द्वारा पूजा संपन्न की गयी। यजमान साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल हनी, चंदन सिंह अधिकारी ने पूजा की। सिद्धांत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज,रामलीला कमेटी मुखानी अध्यक्ष मनीष कपिल, संदीप भोज,कमल जोशी, गीता जोशी, मनीष साह, तारु तिवारी आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

# रुद्रपुर पुलिस ने एक किलो 200 ग्राम चरस समेत तस्कर दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र हंस बिहार निवासी चरस सप्लायर से 30 हजार का चरस लेकर आया तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक किलो 200 ग्राम चरस और नगदी बरामद की। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने सप्लायर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी एसआइ होशियार सिंह,तेल मिल चौकी प्रभारी एसआइ देवेंद्र सिंह मेहता पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे।पुलिस काशीपुर बाईपास रोड, गावा चौक और भूरारानी रोड होते हुए भूरारानी पहुंची। रास्ते में एक व्यक्ति पेड़ के नीचे खड़ा दिखाई और पुलिस देख भागने लगा। पुलिस ने शक होने पर उसका पीछा कर दबोच लिया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम गली नंबर पांच दुर्गा कालोनी भूरारानी निवसी वैष्णो सक्सेना पुत्र राजकुमार सक्सेना बताया। तलाशी में नीले रंग के थैले में एक किलो 200 ग्राम चरस, 11270 रुपये और इलेक्ट्रानिक तराजू तथा मोबाइल बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पूछताछ में उसने बताया कि चरस वह हंस बिहार रुद्रपुर निवासी रवि नाम के युवक से 30 हजार रुपये में खरीदकर लाया है। बताया कि वह चरस पीता भी है और अपने दोस्तों को भी देता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। एसएसआई ने बताया कि पुलिस चरस सप्लायर की तलाश शुरू कर दी है।



# रातभर दौड़ती रहीं दमकल की गाड़ियां, साढ़े छह घंटे में आग की 12 घटनाएं

देहरादून

हमारे संवाददाता

दिवाली पर रात भर दमकल की गाड़ियां दौड़ती रहीं। दमकल विभाग को मेहूंवाला और निरंजनपुर मंडी की भीषण आग से जूझना पड़ा।

देहरादून शहर में बीते सोमवार की देर शाम से लेकर मंगलवार तड़के तक, महज साढ़े छह घंटे के भीतर आग लगने की 12 घटनाएं सामने आईं। सबसे भयंकर आग मेहूंवाला में प्लास्टिक के गोदाम और निरंजनपुर मंडी की छत पर लगी थी। राहत की बात यह रही कि जन जागरूकता और फायर स्टेशन की तत्परता से जान-माल का बड़ा नुकसान टल गया, हालांकि पिछले साल के मुकाबले इस बार आग की घटनाओं में कमी आई है। इस बार भी आग लगने की बड़ी वजह पटाखे, खासकर स्काई शॉट, रॉकेट आदि बने। दिवाली की रात आतिशबाजी शुरू होते ही आग लगने की सूचनाओं में एकाएक इजाफा हुआ। रात 7:32 बजे से तड़के लगभग 2 बजे तक फायर स्टेशन को 12 कॉल मिलीं, जिनमें पटाखों की वजह से लगी आग प्रमुख थी। इन 12 घटनाओं में सबसे विकट स्थिति मेहूंवाला और निरंजनपुर मंडी में देखने को मिली।

फायर सेफ्टी ऑफिसर किशोर उपाध्याय ने बताया कि राहत की बात यह है कि पिछले साल दिवाली के दौरान हुई आग लगने की घटनाओं (39 कॉल्स) के मुकाबले इस बार संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इसका श्रेय फायर विभाग के जन जागरूकता अभियान को जाता है, जिसके कारण लोगों ने छतों पर कबाड़ आदि ज्वलनशील सामग्री नहीं रखी, जिससे छोटी-मोटी आग की घटनाएं कम हुईं। हालांकि इस साल भी ज्यादातर आग लगने के कारणों में पटाखे ही प्रमुख रहे, जिनकी जांच की जा रही है।



## तेंदुए के साथ दिखे चार बच्चे, ग्रामीणों में दहशत

**बागेश्वर।** तहसील क्षेत्र के ग्वाड़-पजेणा गांव में तेंदुए के चार बच्चे एक साथ दिखने से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक तेंदुए के बच्चे जंगल में चले गए। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमोद जोशी ने बताया कि रविवार को कालिका मंदिर के पास वन्यजीव के बच्चे दिखे। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो वहीं झाड़ियों में मादा तेंदुआ भी दिखाई दी। इसी दौरान वन विभाग को सूचना दी गई।

# वाहन दुर्घटनाओं को रोकने को चलाया चैकिंग अभियान

नैनताल

हमारे संवाददाता

आयुक्त कुमाऊँ/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा त्यौहारों के समय में यातायात नियंत्रण एवं संभावित वाहन दुर्घटनाओं को रोके जाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाए जाने के दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद नैनीताल में मंगलवार को राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों में संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों की चेकिंग व ओवर लोडिंग की रोकथाम के लिए कार्यवाही की गई। कालाढूंगी क्षेत्रान्तर्गत उपजिलाधिकारी वीसी पंत के नेतृत्व में व रामनगर क्षेत्रान्तर्गत तहसीलदार मनीषा मारकाना के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सघन अभियान चलाकर वाहनों की फिटनेश के साथ ही ड्राईविंग लाईसेन्स की जांच की गई। इस दौरान वाहनों में ओवर लोडिंग न हो इस संबंध में भी चालकों को जागरूक भी किया गया। इस सघन अभियान में वाहनों में ओवरलोडिंग के 2, बिना टैक्स के संचालित वाहन 3, बिना परमिट के 3, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 1, बिना यूनिफार्म के 5, वाहन में अग्नि संयंत्र न होने पर 9 वाहन पाए गए जिनके चालान आदि की कार्यवाही करते हुए कुल 55250 रुपये का राजस्व वसूला गया।

उक्त संबंध में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में वाहन दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

# दून अस्पताल के गेट पर चली गोली, एक घायल, कार सवारों ने दो पुलिसकर्मियों को रौंदा

देहरादून

हमारे संवाददाता

राजधानी देहरादून में सुबह-सुबह दो घटनाएं सामने आईं। शहर के दून अस्पताल के गेट नंबर पांच के पास एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। वहीं तीन पुलिसकर्मियों को कुछ कार सवारों ने रौंद दिया।

देहरादून में अलग-अलग दो घटनाएं सामने आई हैं। दून अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर रविवार तड़के उत्तरकाशी के रहने वाले दिशांत सिंह राणा नाम के युवक को गोली मार दी गई। गोली दिशांत के पेट में लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच में पता चला है कि दिशांत का देहरादून के रहने वाले



काव्यांश से उधारी के पैसों के लिए झगड़ा हुआ जिसमें मारपीट भी हुई। दिशांत शनिवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे अपना मेडिकल कराने आया था। इसी बीच काव्यांश के साथियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली मारने वाले मौके से भाग गए। पुलिस ने घटना में चार को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि घटना में शामिल एक पक्ष कैंटीन चलाता है जिसका नाम काव्यांश धामा है। जबकि दूसरा पक्ष ब्याज पर पैसे देता है। इसका नाम दिशांत सिंह राणा है। कैंटीन संचालक धामा ने दिशांत से 40 हजार रुपये उधार लिए थे। दिशांत उसे लेने के लिए शनिवार देर रात राजपुर थानाक्षेत्र के कैनाल रोड स्थित उसकी कैंटीन में गया था। वहां पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। दोनों के बीच मारपीट भी हुई। इसके बाद दोनों पक्ष मेडिकल कराने के लिए दून अस्पताल आए थे। मेडिकल करवार रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे दिशांत घर जाने के लिए निकला था। इस दौरान काव्यांश धामा के कुछ दोस्तों ने बाहर उसे घेर लिया। उससे कहा कि तुम मेरे दोस्त को मारोगे। इतना कहकर आरोपियों ने दिशांत पर फायर झोंक दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास अफरातफरी मच गई। अस्पताल की इमरजेंसी में से कई लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।